बारे में समग्र से बताने वाला आनंदगुरु हैं । इतना ही नहीं साँद्रसिंधु वेद मार्ग में सकलजाति के लोग (सारे मत के लोग) चलेंगें बा भी कहा हैं। जो सवाल आपने मुझे पूछा उसमें आपने ऐसा सवाल किया कि आप जो कह रहे है वह वेद नहीं हैं क्या? उस सवाल के सही जवाब में हम जो कह रहे हैं वह भी वेद ही हैं। कालज्ञान में ब्रह्मम् जी ने जो कहा हैं उस साँद्रसिंधू वेद को ही हम कह रहे हैं। यह मालूम है कि मेरे द्वारा जो बोली जारही हैं वह दैवमार्ग ही हैं। लेकिन मुझे यह नहीं मालूम है कि वह साँद्रसिंधू वेद हैं। वह विषय को ब्रह्मम जी ने अपने कालज्ञान में कुछ जगह लिखने की वजह से वह बात हमें अभी मालूम हुयी। मैं अपने आप के बारे में ऐसा समझनेवाला हूँ कि बाहर की प्रपंच में खुद को न बढालेते हुये अपने आप को कम करलेना चाहिये। मैं ऐसा समझनेवाला हुँ कि मुझे बाहर की प्रपंच को मालूम हुये बगैर रहना चाहिये। तो वीरब्रह्मम जी ने अपने कालज्ञान में ऐसा लिखा हैं कि **प्रबोधाश्रम उन्नत ज्ञान रखती हैं** इसलिये मेरे बारे में बाहर थोडा मालूम होना हुआ हैं। इतनाही नहीं यह भी लिखे थे कि **प्रबोधाश्रम वाले शयनाधिपति के गुण सखनेवाले हैं, शयनाधिपति ही आनंदगुरु हैं, गुरुस्वामि जो सिद्धाँत शिरोमणि हैं उनका सिद्धाँत मुख्यहोता है बा**, और भी हमें बहिर्गत करते हुये लिखे हुये वाक्य होने से हम ज्ञान बोलनेवाले गुरु हैं कहकर बाहरआना पडा। वास्तव में हम जो भी विषय बोल रहे है उन विषयों को सारे मत के लोग पसंद करना, हमने जो कहा वह त्रैतसिद्धाँत होने से, चार सौ साल के पूर्व लिखी हुयी काल ज्ञान से बराबर होगयी। जो हम कह रहे हैं वही **साँद्रसिंधू वेद** हैं कह कर खुबूल करना ही पडेगा क्योंकि हमारे रचनायें पूरे नये होने के कारण, उसमें ऐसे नये ज्ञान के विषय है जिसके बारे में अबतक कोई नहीं जानता।

जैसे ब्रह्मम जी ने कहा कि **सिद्धाँत शिरोमणि गुरुस्वामि सिद्धाँत मुख्य होजायेगा बा और साँद्रसिंधु वेद मार्ग में सकलजाति के लोग चलेंगें बा** यह बात हमें अभी अभी मालूम हुआ। तो इससे पहले ही यही विषय को हमने पहले भी बहुतबार कहा था कि जो ज्ञान हम बोल रहे हैं उस पर सब मत के लोग चलेंगें, तीन मत भी एक होजाकर त्रैतसिद्धाँत के ज्ञान को बडे महत्व से बोललेंगें। यह सच तो सब जानते ही है जैसे हमने कहा वैसे होरहा हैं। इसलिये ब्रह्मम जी ने हमारे बारे में जो लिख्खत लिख्खी हैं उसे न नहीं कहपारहे हैं। हम इस बात को खुबूल करते हैं कि हम जो भी कह रहे हैं वह साँद्रसिंधू वेद ही हैं जिसके बारे में कोई नहीं जानता। अबसे तखरीबन तीन सौ पचास साल के नीचे जीवसमाधि पाये हुये ब्रह्मम जी, अपने समाधि से बाहर आकर जनम लेकर तीस साल हो रहे हैं। उनकी उमर अब तीस संवत्सर हैं। उन्होने अपने कालज्ञान में कहा है कि और थोडे वक्त के बाद हमारे पास आयेगा, आनंद गुरु ही मेरा गुरु हैं। जब वो आयेगा तो यह बहिर्गत करेगा कि मैं कौन हूँ। कम से कम जब तो मेरे बारे में और मेरे आत्मा के बारे में बाहर पडसकता हैं। इसलिये जो सवाल आपने पूछा उसके बदले में मैं यह कह रहा हूँ कि हम जो कह रहे हैं वह भी वेद ही हैं हमसे जो वेद बतायी जा रही हैं दैवज्ञान को सुगम करके, मनुष्य को मोक्ष (ईश्वर के सन्निधान) को भेज सकती हैं।

अबतक हमने जो ज्ञान बताया वह ज्ञान पूरा ईश्वर संबंधित होकर हैं। सारे मतों को भी आमोदयोग्य हैं। सब मत के ग्रंथों में भी वह ज्ञान हैं जो हमने कहा हैं। कुछ लोग हसद से अज्ञान से हम जो ज्ञान कह रहे हैं उसके खिलाफ बोलें तो भी, वहीं मत के कई लोग ऐसा बोलले रहे हैं कि हमारा ज्ञान बहुत ही महत्ववाला हैं। अब भी

''माता पिता'' कहनेवाली यह छोटीसी ग्रंथ में के विषयों को कोई भी खंडन नहीं करसकते। क्यों कि **सिद्धाँत से जुडी हुयी ज्ञान की खंडन नहीं होसकता।** एक कहावत कहते है ना कि माता का समाचार क्या मामा नहीं जानता! उसीतरह माया का समाचार योगी को ज़रुर मालूम होकर रहता हैं। इसीलिये क्योंकि मैं सिद्धाँतकर्ता हूँ मुझे यह बात ज़रुर बताना ही पडेगा कि सबकेलिये माता पिता कौन हैं। वही विषय को ही मैं कह रहा हूँ कि मालूम करो कि तेरा असली पिता कौन हैं, तेरा असली माता कौन हैं। मेरे तरफ से मैं यह कह रहा हूँ कि जिसतरह (बच्चा) माता के तरफ से पिता के तरफ जाताा हैं वेसा ही, साँद्रसिंधु वेद जिसे वेद कहते हैं लेकिन वेद नहीं हैं उस साँद्रसिंध वेद के बारे में जान कर असली माता पिताओं को फैन्डौट करना चाहिये। यहाँ पे कुछ लोग पूछ सकते हैं कि आप खुद के बारे में या अपनी महत्वता के बारे में खुद बोलले (बयान करले) रहे हैं। उसके जवाब में जब मुझे यह तक नहीं मालूम कि मैं कौन हूँ तो मेरी महत्वता के बारे में मैं कैसे बयान करसकता हूँ। मेरे बारे में मैं ने नहीं कहा मगर, मेरे बारे में दूसरों ने जो कहा वही मैं ने तुमलोगों को बताया। मेरे बारे में बताये हुये पोतुलूरि वीरब्रह्मम जी लोक में होनेवाले कुछ सौ सालों के भविष्य को पहले ही बताये हुये महान व्यक्ति हैं। इसलिये उन्होने जो कहा वही बात को संदर्भ आया है इसीलिये मैं ने तुमलोगों से कहा था। हमने जो भी कहा अगर वह समझमें नहीं आया तो, अगर अलग खिसम से समझ में आया तो वह भी माया ही होता हैं। इसलिये ईश्वर से दूर करनेवाली माया को छोडकर, ईश्वर के पास लेजानेवाली माया की बात सुनते हैं। अब हम उस समाचार के बारे में और भी देखते हैं जो असली माता पिता के बारे में बताती हैं।

एक मनुष्य को अपने बाह्य पिता कौन हैं इसकी जानकारी अपनी बाह्य माता को ही बताना पडेगा। सिर्फ माता को ही यह बात मालूम होता हैं कि अपने बेटे का पिता कौन हैं। उसी तरीके से सिर्फ प्रकृती ही जानती हैं कि ईश्वर कौन हैं। बाह्य शरीर की माता अपने बेटे से प्रत्यक्ष से बात करती हैं, इसलिये माँ ही पिता को दिखा रही हैं। यहाँ जीव को पिता के स्थान में रहनेवाले परमात्मा को, माता के स्थान में रहनेवाली प्रकृती को ही दिखाना पडेगा। तो प्रकृती मनुष्य से बात नहीं करती। इसलिये प्रकृती ईश्वर के बारे में जीव को नहीं बतासकती हैं। ऐसी सूरत में ईश्वर ही जीव को ईश्वर की विषय को बताने केलिये प्रकृती के तरफ से काम करना पडा। प्रकृति के तरफ से काम करके, ईश्वर की विषय को बताने केलिये, ईश्वर की अंश भगवान की तरह आरही हैं। प्रकृती माया जैसा बदलकर हमेशा मनुष्य के अंदर ही हैं तो, ईश्वर तो भगवान की सूरत में कभी कभार ज़मीन पर आरहा हैं। प्रकृती मनुष्य में माया की तरह बदलगयी है तो, ईश्वर मनुष्यों के बीच भगवान की तरह बदलकर आता हैं। भगवान प्रकृती से तय्यार हुयी शरीर को पहनकर दिखनेवाले मनुष्य की तरह पैदा होता हैं। ऐसा पैदाहुआ व्यक्ति जिस परमात्मा के बारे में प्रकृती को बतानी चाहिये थी, उस विषय को प्रकृती के तरफ से इनसान के रुप में आयाहुआ परमात्मा (भगवान) खुद बतायेगा। प्रकृती माया के रुप में मनुष्य के अंदर हैं। इसलिये प्रकृती के तरफ से काम करने केलिये भगवान के सूरत में आया हुआ ईश्वर,उस माया की तरह बिहेव (बरताव) करेगा जो प्रकृती की बदली हुयी शकल हैं। जिसतरह माया ईश्वर के मार्ग में रुकावट करने केलिये हो, ईश्वर के मार्ग में सुगम करने केलिये हो योग्यता रखती हैं, उसी तरह जो शक्स भगवान की तरह आया है वह प्रकृती यानि माया की तरह प्रवर्तन करते हुये जो लोग ज़रुरत है उनको, जो लोग योग्यता

रखते हैं उनको ईश्वर की राह में पहुँचाता हैं। बेकार लोगों को, जो लोग योग्यता नहीं रखतें हैं उन्हे ईश्वर के रास्ते से हटा देता हैं। भगवान को ही गुरु भी कहसकते हैं। अगर गुरु या भगवान ज़मीन पर आयें तो, जिन लोगों को ज्ञान पर श्रद्धा हैं सिर्फ उनको गुरु की तरह दिखता हैं। जिनको श्रद्धा नहीं हैं उन्हे माया की तरह दिखके, ऐसा करते हैं कि ईश्वर की ज्ञान मालूम न हो। ईश्वर अपने प्रकृती से तय्यार होने वाली देह की अधिष्टान करके, माया के गुण भाव रखते हुये भगवान की तरह पैदा होरहे हैं। क्योंकि भगवान ही ईश्वर की अंश है होने से ईश्वर की ज्ञान को बतायेगा। ऐसा ही भगवान प्रकृती की अधिष्टन करके प्रकृती का किरदार निभाने की ज़रुरत हैं होने से, माया बनकर ईश्वर की ज्ञान को मालूम हुये बगैर करता हैं।

भगवान (गुरु) बतानेवाली एक ही ज्ञान मनुष्य को समझमें आने में सव्य से हो, अपसव्य से हो दो खिसमों से समझमें आता हैं। अगर सव्य (सही) से समझमें आया तो वह दैवज्ञान की तरह दिखके ईश्वर के तरफ भेजती हैं। अपसव्य से समझमें आया तो जो मालूम किया वह दैवज्ञान जैसे समझमें न आते हुये ऐसा लगेगा कि यह ज्ञान ही नहीं हैं इसतरह उनको ज्ञान से दूर हुये जैसा करके माया के तरफ भेज सकती हैं। इसके मुताबिक गुरु (भगवान) माया के स्थान में रहकर दैवमार्ग से, दैवज्ञान से दूर करसकता हैं। ऐसा ही दैवमार्ग को, दैवज्ञान के नज़दीक भी करसकता हैं। इसलिये भगवद्गीता में ज्ञानयोग में श्लोक छे में **''प्रकृतिं स्वामधिष्टाय संभवाम्यात्म मायया''** मेरी प्रकृती की अधिष्टान करके माया के तरफ से (माया की तरह) मेरी आत्मा पैदा होरही हैं कह कर बताना हुआ। ईश्वर भगवान होकर पैदाहोने पर भी, ईश्वर के बारे में जिसे बताना चाहिये वह भगवान ही होने पर भी वह प्रकृती के तरफ से माया की तरह आया

हैं कह कर मालूम हो रहा हैं। इसीलिये उसने जो ज्ञान कहा वह ज्ञान तो एक ही हैं लेकिन, वह ईश्वर के तरफ हो या माया के तरफ हो लेकर जाति हैं। यह बात अच्छे से समझमें आने केलिये एक मिसाल को देखते हैं। हमने यह बयान करलिया ना कि दिखनेवाली शरीर की माता, शरीर के पिता के बारे में बताती हैं, सिर्फ एक माता ही जानती हैं कि बच्चे का पिता कौन हैं। ऐसी स्थान में रहनेवाली एक माँ को तीन बेटे हैं। तीन बेटें पाँच साल के व्यवधि में पैदा हुये। तीन बेटे पैदा होने के बाद एक साल को पिता बेपार के लिये विदेश को गये थे। वहाँ से आनेकेलिये १२ साल का वक्त लगा। शोहर आने के समय तक अपने बच्चों में छोटे को १३ संवत्सर है तो, दूसरे को १६ साल, बडे को १८ साल की उमर हैं। छोटे उमर में ही अपने पिता के बारे में उन्हे मालूम न होने से, थोडे वक्त के बाद आये हुये पिता के बारे में माँ को बताना पडा। क्योंकि अपने बच्चों के पिता कौन हैं यह रहस्य सिर्फ माँ ही जानती हैं इसलिये माँ ने ही यह बताया कि यही तुम्हारे पिता हैं। माँ ने एक ही भाव, एक ही अर्थ वाले विषय को सभी को समान (बराबर) से कहा था। सब एक ही समय में एक ही जगह मौजूद न होने के कारण, तीन बेटे अलग अलग कामों में, अलग अलग जगहों में करने से, सबको एक ही बार बोलने का मौका नहीं रहा। तीन बेटे अलग अलग वक्तों में जब घर आये थे तब उनको अलग अलग से ही कहना हुआ कि यही तुम्हारा पिता हैं।

पिछले रात को घर आया हुआ बडे बेटे को उसके पिता के बारे में माँ ने कहा था। लेकिन वह उस समय में नींद के नशे में होने के कारण माँ ने जो बात कहा उसे सुनने पर भी यह तुम्हारा पिता हैं कहलानेवाली बात उसे ''यह हमारा पिता हैं'' कहे जैसा समझमें आया हैं। जब अपनी माँ ने जो बात कही वह बात अलग खिसम से

समझमें आकर, माँ ने जिस मनुष्य को दिखाया उसे अपना **दादा** समझा। दूसरे दिन उदय (सुबह) ही दूसरा बेटा आया तो, जो बात बडे बेटे से कहा था वही बात उसे भी बताते हुये कहा कि यह तुम्हारा नीजीबाप हैं। लेकिन दूसरे बेटे ने माँ ने जो कहा उस विषय को श्रद्धा से नहीं सुना इसलिये उसे ऐसा समझमें आया कि यह तुम्हारा छोटा बाप हैं यानि **चाचा** हैं कहे जैसा समझ में आया। वही दिन शाम के वक्त में घर आया हुआ छोटे बेटे को माँ ने कहा कि यही मेरे शोहर हैं। क्योंकि उसकी उमर छोटी हैं इसलिये उसे यह नहीं मालूम कि माँ का शोहर उसे क्या होता हैं यह भी नहीं मालूम। ऐसी सूरत में माँ ने जिस व्यक्ति को दिखाया था उसे अपना **रिश्तेदार** समझा लेकिन उसे पिता की तरह समझमें नहीं आया। इसतरह तीन बेटों को माँ ने जो सच कहा वह समझमें न आकर अपने बाप को एक बेटा दादा जैसा समझा तो,एक बेटा चाचा जैसा समझा, और एक बेटा रिश्तेदार समझ करलिये। पिता के विषय के बारे में बतायी हुयी माँ उसी दिन रोग (बीमारी) से हास्पिटल गयी थी। उसकी बीमारी के हिसाब से इलाज करने केलिये डाक्टरों ने कहा कि वह हास्पिटल में महीने भर बेड पर ही रहना होगा (यानि अड्मिट होना पडेगा कहा) तो उनकी माँ वहीं पर रहगयी। क्योंकि उसकी सहद ठीक नहीं हैं इसलिये उसका सहोदर (भाई) वैद्यशाला को जाकर, अपनी दीदी, भाईजान से बात करने के बाद अपने भान्जों से बात करने केलिये, दीदी के घर को जाकर वहीं कुछ दिन रहगया हैं। तब उसे (मामा को) यह मालूम हुआ कि उसकेलिये भाईजान, दीदी केलिये शोहर, भान्जों के लिये पिता होनेवाले व्यक्ति को अपने भान्जों ने गलत समझ करलिये। उसे इस बात से आश्चर्य हुआ कि स्वयं पिता को तीन बेटे भी पिता की तरह समझ नहीं करलिये और अलग अलग तरह बोलले रहे हैं। क्योंकि यह व्यक्ति उनका मामा हैं, और उनकी माँ उसकी दीदी होने

से, उनका बाप स्वयं भाईजान होने से, उसे यह सच समझमें आगया कि अपने भान्जे पूरे तरीके से गलतफहमि (भ्रम) में हैं। उनमें के भाव को मिटाकर तीन भान्जों को समझाया कि उन तीनों का पिता एक ही हैं, तुम लोग पैदा न होने के पहले से ही तुम्हारे पिता के बारे में मैं जानता हूँ। सिर्फ छोटा बेटा एक ही मामा की बात पर यकीन करके मानलिया। बाकी दोनों अपने मामा की बात पर यकीन किये बगैर उनके अपने अपने बहसों को सुनायें। एक भान्जे ने कहा कि मेरी माँ ने मुझ से ऐसा ही कहा हैं तो दूसरे ने कहा कि नहीं नहीं मुझे इसतरह ही बतायी हैं। पिता को पकड कर एक जन कहता हैं कि वह मेरा दादा हैं तो दूसरा कहता हैं कि चाचा हैं। उनके शक को दूर करने केलिये उनकी माँ वहाँ पर नहीं है। इसलिये उनका मामा ने समझा कि चलो, जब इनकी माँ यहाँ पर आयेगी तब इनके शक को वह खुद दूर करदेगी। तो उनकी माँ हास्पिटल में ही मरगयी। बीवी की मौत को देखकर शोहर भी हार्ट रुक कर मरगया। तीन बेटे इस बात से दुखित हुये कि हमारी माँ मरगयी तो सिर्फ उसमें एक ही ऐसा समझा कि अपने माँ के साथ बाप भी मरगया, तो बाकी दोनों में से एक ने समझा कि माँ के साथ चाचा भी मरगया तो दूसरे ने समझा कि माँ के साथ दादा भी मरगया। क्योंकि उनकी माँ न होने से दोनों को पिता की बात नहीं मालूम हुयी। मामा के कहने के बावजूद भी वे सुनने की हालत में नहीं थे। वे दोनों उन्हे जो असत्य समझमें आया उसीको सत्य समझते हुये, बाद में मालूम हुयी सत्य को असत्य की तरह हिसाब करलिये।

मामा के कहने के बावजूद भी वे दोनों सुने बगैर उनके पिता को वे खुबूल किये बगैर एक चाचा कहरहा हैं तो एक दादा कह रहा हैं। सिर्फ एक जान खुबूल किया कि वह अपना पिता हैं। पिता के

गुज़रजाने के बाद जायदाद को खुद मामा ही बेटों को बाटकर देना चाहा। तो मामा ने तीन भान्जों को एक नियम रख्खा हैं। वह नियम के बराबर जैसे वह कहता है वैसे अपने भाईजान को पिता की तरह जो खुबूल करेगा उन्ही को पिता के जायदाद में भाग (शेर) मिलेगा। पिता की तरह जो खुबूल नहीं करता उनको पिता के जायदाद में से कुछ भी नहीं मिलेगा। जब भी दोनों ने कहा कि अपने विश्वास को छोडकर अलग से हम किसी भी सूरत में नहीं मानेंगें इसलिये उन्हे जायदाद में हिस्सा नहीं मिला। लेकिन छोटे बेटे ने ऐसा समझा कि अपनी माँ ने शोहर कहा तो जबतक मैं ने उसे रिश्तेदार की तरह समझकरलेना मेरी गलती है। जो मेरे मामा ने कहा वही सच हैं,सच के प्रकार जिसे वह रिश्तेदार समझा वह व्यक्ति रिश्तेदार नहीं हैं, सच में मेरा पिता हैं कह कर मालूम होने से, छोटे बेटे को ही पिता की पूरी जायदाद मिली हैं। यह समझमें आ रहा हैं कि क्योंकि बाकी दोनों ने खुबूल करने से इनकार किया इसलिये पिता के जायदाद में से उन्हे कुछ भी नहीं मिला। यह सबको गौर करें तो माँ ने जो सच कहा उसे बेटों ने पहले ही गौर न करने की वजह से पिता के जायदाद में से उन्हे कुछ भी हासिल नहीं हुआ। यह मिसाल में माँ को प्रकृती की तरह, पिता को परमात्मा की तरह, बेटों को जीवात्मा यानि मनुष्यों की तरह हिसाब करले के देखलेना चाहिये। माता प्रकृती ने पिता के बारे में बोली हुयी मूल ग्रंथों की तरह हिसाब करलेते हैं। जैसे माता ने तीन बेटों को एक ही पिता के बारे में बताया, वैसे तीन मत के ग्रंथो में एक ही ईश्वर के बारे में बोला हुआ तरीका हैं तो तीन मूल ग्रंथों का उद्देश,भाव सब एक ही पिता (ईश्वर) के बारे में बता रहे हैं फिर भी, वह समाचार एक एक को एक एक तरीके से समझमें आया। जैसे मूलग्रंथ कहे हैं वैसे यह मालूम न किये बगैर कि सबकेलिये पिता एक ही हैं, मनुष्य जो ईश्वर के बेटे हैं तीन

तरीकों से बोलले रहे हैं। जैसे एक समझा कि दादा हैं तो दूसरा चाचा और तीसरा रिश्तेदार समझा वैसे ही आज तीन मत के लोग जो कह रहे हैं वह एक ही ईश्वर के बारे में हैं तो, वे उस ईश्वर को अलग अलग भावों से हिसाब करलेके एक यहोवा कह रहा हैं तो, एक राम कह रहा हैं और एक अल्लाह कह रहा हैं। तीनों बेटे दादा, चाचा, रिश्तेदार कह कर अलग अलग से बोललेने पर भी वह व्यक्ति एक ही है, ऐसा ही आज तीन समाज के लोग, तीन नामों से जिसे पुकार रहे हैं वह एक ही ईश्वर हैं कह कर प्रकृती परमात्मा को खूब जाने हुये मामा जैसे योगियाँ कहने पर भी, मत या मज़हब के अंधेपन में इस बात को खुबूल नहीं करपा रहे हैं कि ईश्वर एक ही हैं। जो योगि हैं वह मामा जैसा तीन मतों से भी समान संबंध रखते हुये,तीनों की भलाई चाहकर **तुम लोग गलती से धोका खा रहे हैं। जो तुम लोगों को समझमें आया वह सच नहीं हैं। जिस तरह माँ की बात को तुम लोग ठीक से समझ नहीं करलिये वैसा ही,मूल ग्रंथो में के वाक्यों को तुमलोगों ने ठीक से समझनहीं करलिये** इसतरह साफ कहने पर भी योगी की बात नहीं सुन रहे हैं। लेकिन कोई भी योगी के बारे में ऐसा नहीं समझ रहा है कि योगी अपने से पहले प्रकृती परमात्मा के विषय के बारे में जानता हैं, वह उनसे रिश्ता रखता हैं,उसे अपने पिता के बारे में पूरी जानकारी मालूम हैं, (यह सब न जानते हुये या गौर न करते हुये) नसीहत देनेवाले योगी के बातों को हिसाब नहीं कर रहे हैं। आखिर में जो व्यक्ति इस बात का अहसास करेगा कि मामा जैसा योगी ने जो कहा वह मतातीत ज्ञान हैं,गलत होने का कोई छान्स ही नहीं है वैसा व्यक्ति इसबात को खुबूल करेगा कि सब मतों के लिये भी ईश्वर एक ही हैं। इसतरह पिता ईश्वर बाखी सबका भी पिता है कह कर मालूम होने से, ईश्वर (पिता) की जायदाद यानि परलोक (मोक्ष) को पा रहा हैं। माँ जैसी मूल ग्रंथों में प्रवक्ताओं के

बातों को जिन्होने गलती से समझ करलिया वे ऐसा समझते हैं कि जिस ईश्वर के बारे में उन्होने मालूम किया वह अलग हैं, दूसरों का ईश्वर अलग हैं, ऐसा समझकर दूसरे मतों के ईश्वर को अपने ईश्वर की तरह,अपने ईश्वर को दूसरे मतों के ईश्वर की तरह खुबूल न करने से उनको मोक्ष या परलोक नहीं मिल रहा हैं।

आज ज़मीन पर सब मानव एक ही ईश्वर से तय्यार किये जाने के बावजूद, मनुष्य मतों या मज़हबों में अलग होजाकर कह रहे हैं कि तुम्हारा ईश्वर हमारा ईश्वर नहीं हैं,हमारा ईश्वर तुम्हारा ईश्वर नहीं हैं। एक मत के ईश्वर को दूसरे मत के लोग हसद से (असूय गुण से) देख रहे हैं। जो लोग यहोवा को खुबूल नहीं करते वे कह रहे हैं कि ईश्वर सिर्फ अल्लाह ही हैं। तो कुछ लोग कहते हैं कि अल्लाह ईश्वर नहीं हैं राम ही ईश्वर हैं। और कुछ लोग ये दोनों में से ईश्वर कोई भी नहीं हैं सिर्फ एक यहोवा ही ईश्वर है। एक ही पिता तीन बेटों में से एक को दादा की तरह, एक को चाचा की तरह,एक को रिश्तेदार की तरह मालूम हुये जैसा, एक ही ईश्वर तीन मतों के लोगों केलिये तीन नामों से मालूम हो रहा हैं। वास्तव में तीन बेटों ने जो तीन नाम समझलिये वे नाम जिसतरह उन बच्चों के पिता पर लागू नहीं होते हैं, उसीतरह तीन मत के लोग जो तरीके को समझ करलिये वे विधान ईश्वर पर लागू नहीं होते। क्योंकि ईश्वर को न रुप हैं न नाम न काम। इसलिये ईश्वर को रुप, नाम, क्रियारहित कहते हैं। जिन लोगों को यह सच नहीं मालूम उनमें से कुछ लोग ऐसा समझ रहे हैं कि ईश्वर फलाना रुप से हैं, तो कुछ लोग ऐसा समझ रहे हैं कि फलाना नाम से हैं तो, कुछ लोग ऐसा समझ रहे हैं कि वह फलाना काम करता हैं। क्योंकि वे नहीं जानते कि जो वे समझ रहे हैं वह सच नहीं हैं इसलिये असली और सच्चे ईश्वर को मज़हब के

लोग जाननहीं पा रहे हैं। वह योगी जो प्रकृती और परमात्मा का विधान जानता हैं मतों से अतीतवाला ज्ञान को बताने की बावजूद भी कुछ लोग समझ नहीं पा रहे हैं। अगर कोई भी समझ करलेके असली सच को मालूम करलिये तो वे आसानी से मोक्ष पा सकते हैं।

जो कुछ ज़मीन पर है वह सब पैदा किया गया हुआ हैं। ज़मीन, आकाश, बीच के हवा, अग्नी, पानी उनको आधार करलेके जीनेवाले समस्त जीवरासियाँ, समस्त चीज़ें, समस्त वाहन सबकुछ पैदा किये गये हुये ही हैं। एक सृष्टिकर्ता हैं जिसने यह समस्त को पैदा किया। वही ईश्वर हैं। सबलोग ईश्वर से पैदाकिये गये हुये लोग ही हैं, फिर भी यह किसी को नहीं मालूम कि ईश्वर कैसा रहता हैं। जिस वक्त हम उस के ज़रिये पैदाकिये गये, उसी वक्त वह हम सबकेलिये पिता होगया हैं। इसीलिये उसे जगत पिता कहसकते हैं। पिता यानि कारण वाला मतलब जिस के कारण यह सब बना, माता यानि जो कार्य हुयी। सबलोगों की, सब चीज़ों केलिये जो कारण बना उसने पहले प्रकृती को तय्यार करके, प्रकृती को कार्य की तरह बनालेकर सर्व को तय्यार किया। पैदा हुआ हर मनुष्य को बचपन से प्रकृती पंच भूत की तरह दिख ही रही हैं। यह किसी को नहीं मालूम कि आकाश, हवा, आग, पानी, भूमि यह पाँच भागों की प्रकृती ही जगतमाता हैं। प्रकृती दिखने पर भी, प्रकृती हमारे शरीर में गुणों के रुप में माया की तरह रह कर मनुष्य की पर्यवेक्ष करते हुये,अपने शोहर परमात्मा को जो पसंद हैं उन्ही को ईश्वर के तरफ गये जैसा, जिन्हे वो पसंद नहीं करता उनको ऐसा भ्रम में डाल देती हैं कि वे दैवमार्ग में ही हैं, फिर अपने माया को पार करने नहीं देती। प्रकृति जनित (प्रकृती से पैदा हुये) त्रि गुण रुपवाली माया को वह मनुष्य पार नहीं करसकता जिसके पास दैवज्ञान नहीं हैं। माया को पार

करना दुस्साध्य हैं। इसीलिये पोतुलूरि वीरब्रह्मेंद्र जी अपने तत्व में त्रि गुण रुपवाली माया को उद्देश्य में रखते हुये **तीन तालाब पार नहीं करसकते बा, इस दुनिया के मूढ जन (मूढ लोग)** कहनेवाली तत्वको बताया हैं।

तामस, राजस, सात्विक यह तीन गुणों की सम्मेलन माया पर जीत हासिल करना हैं तो, पहले मनुष्य को दैवज्ञान जानकर ईश्वर के धर्मों को संपूर्ण से मालूम होकर रहना चाहिये। ईश्वर के धर्मों को ज़रा भी ठीक से मालूम नहीं किये तो भी, अलग भाव से समझ करलिये तो भी धरम अधर्म की तरह समझमें आकर माया को अच्छा मौका दिये जैसा होगा। अगर ईश्वर के धर्मों में कोई एक धर्म भी ठीक से समझ में नहीं आया तो भी मनुष्य को ईश्वर के तरफ जाने नहीं देते हुये, खुद को जो मालूम है वही धर्म है जैसा यकीन दिलाकर, ईश्वर से दूर करती हैं। चाहे वह कोई भी इनसान क्यों न हो, कितना भी बडा ज्ञानी का नाम पाया हुआ हो, जिसे ईश्वर के धर्म ठीक से नहीं मालूम उसे अपने दरवाज़े से (द्वार से) माया नहीं छोडती। इसलिये ऐसी हाल में अपने धर्म ज़मीन पर सबको मालूम हुये जैसा ईश्वर ने पहले ही सृष्टादि में ही बता चुका हैं। ईश्वर ने आदि में ही बताये हुये अपने धर्मों के बारे में जानना इनसान के पसंद ना पसंद पर आधारित हैं। प्रपंच का पूरा विधान, प्रपंच के कार्य सब इनसान के कर्म पर आधर होकर हो रहे हैं। तो सिर्फ एक दैवज्ञान ही कर्म से अतीत होकर, इनसान के श्रद्धा अश्रद्धा पर आधारित होकर हैं। दैवज्ञान पर इनसान को जितना श्रद्धा हो तो उतना ही वह मालूम करसकता हैं। इसलिये भगवद्गीता में ज्ञान योग अध्याय में ३९ श्लोक में **श्रद्धावान लभते ज्ञानम** कहा गया हैं। मनुष्यों को अपने अपने

श्रद्धा के मुताबिक ज्ञान हासिल होता हैं। ऐसा ही अपने अपने कर्मों के मुताबिक सुखदुख मिलते रहते हैं। **कर्म के प्रकार प्राप्त अप्राप्त, श्रद्धा के मुताबिक धर्मअधर्म हासिल होते हैं।**

ईश्वर तक पहुँचने केलिये मनुष्य को जो धर्म ज़रुरत हैं वे सबको ईश्वर ने सृष्ट्यदि में ही बतादिया उसके बावजूद, मनुष्य के अश्रद्धा से वे कालक्रम में अधर्मों की तरह बदल गये। भक्ति और आध्यात्मिक विधान में मनुष्य धर्म है समझकर अधर्मों को आश्रय किया हैं। यहाँ पर कुछ लोग एक सवाल पूछ सकते हैं। वह यह हैं कि!ईश्वर ने तो धर्मों को बतादिया ना! तो फिर अधर्मों को किसने बताया?कहकर सवाल पूछ सकते हैं। उसकेलिये हमारा जवाब यह हैं कि! अगर ईश्वर ने जो धर्म बतायें उनको ठीक से समझसके तो वे धर्मो की तरह ही रहते हैं। मनुष्य अश्रद्धा से अगर उनको अपार्थ करलिये तो धर्म ही अधर्मों में बदलजाते हैं। अधर्मों को कोई पैदा नहीं करसकता। धर्मों से ही अधर्म आरहे हैं। **ईश्वर बोलकर जाने के बाद जब धर्मों के बारे में वापिस बोलने वाले नहीं रहते हैं तो जब मनुष्य अपनी अश्रद्धा से धर्मों के बारे में पूरी जानकारी मालूम नहीं किया तो,धर्म ही अधर्म बनजाते हैं।** बाद में बताने वाले बोधकों से अधर्म ही प्रचार हो रहे हैं। जब अधर्मों को आफत पहुँच कर, अधर्म बढजा रहे हैं। ऐसी समय में ईश्वर ही अपने धर्मों को वापिस बताकर, अधर्मों का खंडन करना पडेगा। ईश्वर के धर्म के प्रकार हमने यह बयान करलिया कि ईश्वर काम नहीं करनेवाला हैं, क्रियारहित हैं। इसलिये ईश्वर मनुष्यों को अपने धर्मों के बारे में बताने का मौका ही नहीं हैं। तो यह सवाल पैदा होता हैं कि फिर अधर्म दबजाकर धर्म कैसे वापिस ऊपर आयेंगें। उसका जवाब इसतरह हैं।

जो (ईश्वर के बातें) अधर्मों में बदलगये हैं उनको वापिस धर्मों की तरह खायम करने केलिये, ईश्वर तीन तरीकों को पहले ही तै (निर्णय) करके रखदिया हैं। जब उसने सृष्टि को बनाया था तब ही उसने ये तीन तरीकों को भी तय्यार करके रखदिया। ईश्वर के धर्म क्या हैं यह बात ईश्वर के अलावा कोई नहीं जानता। इसीलिये कोई भी मनुष्य हो ईश्वर के विधान (धर्मों को) बता नहीं सकता। सब कुछ जानता हुआ ईश्वर भी अपने धर्मों के बारे में किसी को भी स्वयं नहीं बतायेगा। तो अब ऐसा शक पैदा होता हैं कि इधर मनुष्य भी न बताते हुये, उधर ईश्वर भी न बताये तो धर्म मालूम कैसे होंगें? इसके जवाब में हमने पहले ही बयान करलिया ना कि ईश्वर अपने धर्मों को बताने केलिये तीन विधानों का निर्णय करके रख्खा हैं! उसके प्रकार ईश्वर का निर्माण ऐसा हैं कि एक भगवान की तरह, दो प्रवक्ता की तरह, तीन आदरणकर्ता की तरह जो लोग आते हैं, वे ईश्वर के धर्मों को बताये जैसा (निर्माण किया गया हैं)। इसतरह दबे हुये धर्मों को वापिस यथास्थान में लानेकेलिये ईश्वर की अंश तीन तरीकों से आनाहोगा। ईश्वर के बेहिसाब करोडकरोडों के अंश हैं। उसमें से सिर्फ एक अंश ही तीन तरीकों से पैदा होकर,ईश्वर के धर्म बताती हैं। एक बार ज़मीन पर धर्म संपूण स्थायि में वापिस आना हैं। तो ईश्वर की अंश (ईश्वर नहीं सिर्फ ईश्वर की अंश) सिर्फ तीन तरीकों से पैदाहोकर कहना पडेगा। प्रवक्ता, भगवान, आदरण कर्ता कहलानेवाले सामान्य मनुष्य नहीं हैं। वे ईश्वर की अंश से पैदा हुये लोग हैं। अबतक हम लोगों को जो समाचार मालूम हुआ उसके प्रकार पहले भगवान आया हैं, बाद में प्रवक्ता आया हैं। अब आदरणकर्ता की ही बारी हैं। भगवान के बाद तीन हज़ार सालों के बाद प्रवक्ता आया तो, बाद में यह नहीं बता सकते कि आदरण कर्ता की आगमन कब हैं। आदरण कर्ता से संपूर्ण तरीके से ईश्वर के धर्म वापिस खायम होंगें। यह मालूम

हो रहा हैं कि ईश्वर की अंश तीन दफाओं में, तीन वक्तों में, तीन असाधारण व्यक्तियों की तरह,ज़मीन पर आरही हैं। ईश्वर पैदा होने वाला नहीं हैं फिर भी ईश्वर को नहीं बल्कि ईश्वर की शक्ति को करोडों के करोडों में क्यालरीस (भागों में) विभजित किये तो उसमें से सिर्फ एक कालरी की शक्ति (अंश) तीन अलग अलग वक्तों में, अलग अलग प्रदेशों में, अलग अलग जातियों में, अलग अलग नामों से पैदा होरही हैं। इसतरह भगवान की तरह,प्रवक्ता की तरह, आदरण कर्ता की तरह पैदा हुआ दैवांश संपूर्ण से धर्मों को वापिस खायम करसकती हैं। भगवान हो, प्रवक्ता हो, आदरण कर्ता हो जब आते हैं तो वे साधारण मनुष्य न होने पर भी,वे भी सब की तरह पैदा होकर शिशु दशा से बडे होकर साधरण मनुष्यों की तरह आरहे हैं। उनके भी माता पिता हर जनम में हैं। यहाँ पर तुमलोगों को सवाल न आये तो भी मुझे एक सवाल आया हैं। वह यह है! जो पैदा हुये वे तो साधारण मनुष्य नहीं हैं ना! वे तो ईश्वर की अंश से पैदा हुये है ना! ईश्वर ही जब सबका पिता है तो ईश्वर के अंश को भी वही धर्म लागू होती हैं ना! ऐसी सूरत में पैदा हुये भगवान को हो, पैदा हुये आदरण कर्ता को हो, पैदा हुये प्रवक्ता को हो क्या शरीर के माता पिता होते हैं? जब शरीर को पहन कर एक जोडी को पैदा होते हैं तो उनके लिये वह जोडि तो माता पिता ही होते हैं ना! ऐसी सूरत में जो खुद पिता हैं उसका पिता होता हैं क्या?यह सब सवाल मेरे है तो, इनके जवाबात देनेवाला मेरे पास शरीर में रहनेवाला आत्मा ही हैं। अब हम यह देखते हैं कि वह क्या कह रही हैं।

दैव (ईश्वर) हो, दैवाँश हो (ईश्वरकी अंश हो) एक ही धर्म रखते हैं। ईश्वर ईश्वर की तरह रहने पर भी, एक अंश की तरह रहने पर भी अपना धर्म नहीं खोता। इसलिये पिता हमेशा पिता की

तरह ही रहता हैं। पिता कभी भी अपने धर्म को खोकर दूसरों को किसी का भी बेटे की तरह नहीं बदलता। इसलिये ईश्वर की अंश भगवान को हो, प्रवक्ता को हो,आदरण कर्ता को हो शरीर का पिता नहीं रहता। वे दूसरे मनुष्यों के जैसा पिता के वीर्य से पैदा नहीं होते। इतना ही नहीं बल्कि माँ के गर्भ से जिसतरह सब निर्जीव से पैदा होते हैं वैसा पैदा हुये बगैर गर्भ से सजीव से पैदा होते हैं। ज़मीन पर रहनेवाले सब साधारण मनुष्य पिता के वीर्य से, माता के अंड से पैदा हो रहे हैं। तो जब ईश्वर की अंशा पैदा होती है तो उसका शरीर पिता के वीर्य से हो, माँ के अडं से हो बगैर संबंध के पैदा होते हैं। जब पिता के वीर्य से पैदा ही नहीं होता है तो उसे पिता ही नहीं रहता। अगर ऐसे पैदाहुआ दैवाँश से पूछेंगे कि तेरा पिता कौन हैं तो तब वह एक मनुष्य को अपना पिता कहे बगैर ईश्वर को पिता कहता है। इससे यह मालूम हो रहा हैं कि भगवान को हो, प्रवक्ता को हो, आदरण कर्ता को हो माता पिता नहीं रहते। ऐसे लोगों को **स्वयंभु** कहते हैं। स्वयंभु का मतलब स्वयं से पैदाहोनेवाला हैं या अपने आप पैदाहुआ हैं। यह मालूम हो रहा हैं कि माता पिता सिर्फ साधारण मनुष्यों को ही रहते हैं मगर असाधारण भगवान को हो, प्रवक्ता को हो,आदरण कर्ता को हो नहीं रहते। सामान्य मनुष्यों के शरीरों को तात्कालिक माता पितायें रहते हैं। तो यह बात साफ तौर पर जानलें कि सबके लिये शाश्वित माता पिता प्रकृती परमात्मा ही हैं।

वह समाचार के प्रकार जो अबतक हमें मालूम हुआ द्वापर युग के आखिर में भगवान, कलियुग में प्रवक्ता आकर गये जैसा मालूम हुआ हैं। प्रवक्ता की जन्म बिना शोहर के स्पर्शा के कन्या के गर्भ से हुआ हैं। इसलिये मालूम यह हो रहा है कि जो व्यक्ति प्रवक्ता की तरह पैदा हुआ हैं वह पिता के वीर्य से पैदा नहीं हुआ। अगर

श्रीकृष्ण की बात करें तो किसी को भी इसतरह का शक पैदा होसकता हैं कि जब भगवान श्रीकृष्ण पैदा हुये थे तो वसुदेव, देवकीदेवी माता पिता की तरह थे ना! इतना ही नहीं यह भी पूछ सकते हैं कि श्रीकृष्ण देवकी देवी के अष्टम संतान हैं ना! कृष्ण अष्टम संतान होने पर भी, बगैर पिता के वीर्य कण से पैदा हुआ, भगवान हैं। ऐसा ही यह बात किसी को भी नहीं मालूम कि माँ का अंड रिलीज़ होने से पहले ही सात दिनों के बाद देवकी देवी गर्भधारण की हैं। कृष्ण की वृषभलग्न जातक के (जाफतक के) प्रकार माता के बहिष्ट के बाद सात दिन के, सात घंटों को कृष्ण का शरीर बनना शुरु हुआ। माता का अंड १४ दिनों के बाद रिलीज़ होता हैं। अंड रिलीज़ होने से पहले ही कृष्ण का जन्म शुरु हुआ। इसलिये कहसकते हैं कि कृष्ण को माता पिता नहीं हैं। कृष्ण देवकी देवी गर्भ से पैदा होने पर भी, प्रपंच के नज़र में देवकी देवी माता की तरह कहीजाने पर भी, पिता की तरह वसुदेव को कहने पर भी, वह ईश्वर के अंश से पैदा हुआ है होने से उसके कोई माता पिता नहीं हैं। ऐसा ही दैवधर्म के प्रकार कृष्ण को आत्मसंबंध माता पिता भी नहीं हैं। धर्म के अनुसार देखें तो वही सबकेलिये पिता होता हैं। प्रवक्ता को हो, भगवान को हो,आदरण कर्ता को हो ऊपर से शरीर के माता पिता रहने पर भी यही कहना चाहिये कि वास्तव में वे माता पिता ही नहीं हैं। प्रवक्ता हो, भगवान हो, आदरण कर्ता हो कहते हैं कि हमसबका बाप परलोक में हैं इसतरह वे ऊपर से बात करते हुये कहने पर भी, वह बात हम पर लागू होती हैं लेकिन, उन पर लागू नहीं होती। वास्तव में सूत्र के प्रकार वे ही जगत के पिता है तो,ऐसा कहना असत्य होगा कि उनका बाप हैं। अगर प्रवक्ता मेरा पिता परलोक में हैं कहने पर भी वह हमारेलिये मार्गदर्शक हैं मगर और कुछ नहीं। इसीलिये एक संदर्भ में उन्होने ही कहा कि तुम्हारा पिता परलोक म हैं। बहरहाल, **ईश्वर को हो, ईश्वर**

की अंश को हो, शरीर के माता पिता हो, आत्म संबंध माता पिता हो नहीं रहते।

ज़मीन पर मनुष्यों को यह बात तक नहीं मालूम कि उनके दो खिसम के माता पितायें हैं। दो खिसमों के माता पिता के समाचार को पाँच हज़ार साल के पूर्व भगवान की तरह आयाहुआ कृष्ण भगवद्गीता में कहा हैं। फिर वही बाद में दो हज़ार साल के पूर्व प्रवक्ता की तरह आया था उस वक्त बैबिल में कहना हुआ। प्रस्तुत काल में हम भी बहुत बार दो खिस्मों के माता पिताओं के बारे में कहना ही नहीं बल्कि अब छोटीसी ग्रंथ की तरह **माता पिता** कहकर नाम रखकर लिख रहे हैं। हम कहना हि नहीं बल्कि आनेवाला आदरण कर्ता भी यही विषय को बतायेगा कह कर समझ रहे हैं। माता पिता कौन हैं यह विषय हर मनुष्य से रिलेटेड हैं। हर एक मनुष्य को यह विषय ज़रुर मालूम करना पडेगा। हर मनुष्य गलती से यह समझ बैठ रहा हैं कि अपने शरीर के माता पिता ही खुद के माता पिता हैं। इसलिये वह माता पिता के बारे में पूरा का पूरा भूलगया है ंजो पहले से मौजूद हैं। अगर अपने शाश्वित माता पिताओं के बारे में मालूम करने की कोशीष करें तो वही आध्यात्मिक होता हैं। आध्यात्मि कहें या ज्ञानमार्ग कहें वह खुद के माता पिताओं के बारे में मालूम करने वाली ही है मगर और कुछ नहीं हैं। दिखनेवाले माता पिता को तो सब जानते हैं,लेकिन नज़र न आनेवाले माता पिता शायद किसी को नही मालूम। **जिन माता पिताओं के बारे में नहीं जानते उनके बारे में जानना ही जीवित साफल्य हैं।**

हमने यह बयान करलिया ना कि **माता** यानि जो कार्य हैं, **पिता** यानि जिसके कारण यह सब बना। ऐसा ही जननी का मतलब पैदाकरनेवाली, जनका मतलब पैदाहुये जैसा करनेवाला। माता यानि

तुझे पालनेवाली, पिता यानि वह है जिसने यह कहा कि सबको पालता हूँ। इसतरह माता पिता कहें, जननी जनका कहें तो भी आत्मसंबंध के अर्थ ही दे रहे हैं। अब बयान किये हुये किसी भी शब्द में शरीर संबंध का अर्थ नहीं हैं। तो अबतक हमारे पुराणों में हो, कुछ स्वामीजियों के कहने में हो, देवताओं के कहानियों में हो, ज्यादातर शरीर के माता पिताओं की प्रस्तावना ही आयी हैं। एक मनुष्य की पैदायिश के कार्य कारण वाले माता पिता यानि प्रकृति परमात्माओं के बारे में कहीं भी किसी ने नहीं कहा। इसीलिये सबको शरीर के मातापिताओं के सिवा, आत्मसंबंध माता पितायें नहीं मालूम। **हमारे पुराण, शरीर के माता पिताओं के ऊपर भक्ति को बढायें मगर नज़र न आनेवाले माता पिता जो प्रकृती परमात्मा हैं उन पर भक्ति को नहीं बढायी। अब हम वह ज्ञान से शाश्वित माता पिताओं के बारे में मालूम करने की कोशीष करते हैं** जो पुराणों से, वेदों से अतीत हैं। सर्वजगत को आकार दी हुयी प्रकृतिमाता को, सर्वजगत की सृष्टी का कारण यानि पिता परमात्मा को मालूम करने से हमें मिलनेवाला फायिदा क्या हैं? इस बात पर गौर करें तो यह कहसकते हैं कि उनसे आनेवाला लाभ बेहिसाब हैं। ऐसा ही शरीर के माता पिताओं से क्या मिल रहा हैं उसके बारे में भी ज़रा बयान करलेते हैं।

शरीर को पहनकर जब पैदा होते हैं तो पहले आहार को दूध के रुप में देकर पालनेवाली माता ही हैं। इसलिये हर बच्चे को माता ही पहले मालूम हो रही हैं। शिशु दशा में पिता का विषय ही बच्चे को नहीं मालूम। उस दशा में बच्चे के लिये अत्यंत सन्निहित माता ही हैं। माता के सिवा किसी को भी न जानने वाले हालत से थोडा बडा होने के बाद भी कुछ और लोगों से मुलाकात होने पर भी वह यह नहीं जानता कि फलानावाला ही मेरा पिता हैं। शिशुदशा से बाल्य

दशा को आने के बाद यह मालूम हो सकता हैं कि यह पिता हैं। इसतरह बचपन में ही माता पहले,पिता बाद में मालूम हो रहे हैं। छोटे उमर में माँ (माता) से ज्यादा खरीब रहनेवाला मनुष्य, युक्त उमर से पिता को ज्यादा अहमियत देते हुये आता हैं। तीस या ।चालिस संवत्सरों के उमर से माता से भी पिता को ही पूरा खरीब में बदलजाता हैं। छोटे उमर में माता सब तरीकों से पालने पर भी, पिता दूर रहने पर भी, बडे उमर में तो माता को दूर करके पिता के खरीब होना सहज से हो रहा हैं। मनुष्य के जीवित में पहले माता की, बाद में पिता की अहमियत रहने पर भी, कुछ लोग तो ऐसे भी हैं जो अपने जीवित में पिता से भी ज्यादा माता को अहमियत दिये हो। चाहे कौन कैसे भी रहें यह कहसकते हैं कि वे शरीर के माता पिताओं के खरीब ही है, उन्हे सिर्फ उनके बारे में ही मालूम हैं। शरीर के माता पिताओं को इज्जत से देखते हुये उनको पालने से, उससे आनेवाला फलित पुण्य हैं। ऐसा ही उनको बेइज्जती से देखते हुये गालि दिये तो, उसके वजह से पाप आकर रहेगा। इसतरह भौतिक माता पिताओं के ओर मनुष्य की प्रवर्तन के प्रकार पाप पुण्य आते हैं। पाप पुण्यों को मिलाकर कर्मा कह रहे हैं। मनुष्य को संभव होनेवाला वह कोई भी कर्मा क्यों न हो उसे भुगतना ही पडेगा। इसतरह एक जन्म में किये हुये कर्मा को बाद वाले जन्मों में भुगतना होगा। कर्मा को भुगतने केलिय ही जन्म हो रहे हैं। कुल्लि तौर पर भौतिक माता पिताओं से पाप पुण्य संभव होना, फिर से उनको भुगतने केलिये जन्म लेना हो रहा हैं। शरीर के माता पिताओं से जन्मों से बाहर न आ सकके जन्मों में ही मनुष्य फस जा रहा हैं। **भौतिक संबंध माता पिताओं से जन्म साहित्य कहलानेवाली नष्ट होरहा हैं मगर जन्म राहित्य कहलानेवाली लाभ नहीं हो रहा हैं।**

आत्म संबंध माता पितायें यानि प्रकृती परमात्मा को मनुष्य जीवित में कितने हद तक मालूम किया हैं? अगर हम इस बात पर गौर करें तो सबको यह मालूम हो रहा हैं कि जब से मनुष्य पैदाहुआ तब से मौत तक प्रकृती आकाश, हवा, आग, पानि, भूमि कहलानेवाले पंतभूतों की तरह हैं। लेकिन बहुत से लोगों को यह नहीं मालूम कि आकाश, हवा, आग, पानि, भूमि जो पंतभूत हैं वे हमारे जिस्म में ही हैं। पंचभूतवाली प्रकृति से ही शरीर तय्यार होकर एक आकार को पाया हैं, एक आकार वाली शरीर को जिसने तय्यार करके रख्खा वह माता ही हैं इसतरह से प्रकृति सर्वमानवों की माता हैं कह कर मालूम हो रहा हैं। छोटे उमर में जिसतरह भौतिक माता को मनुष्य खरीब रहता हैं, उसीतरह हर मनुष्य उसको मालूम न होते हुये ही प्रकृति से खरीब हैं। जो कुछ दिखता हैं, जो कुछ सुनायी देता हैं जो कुछ ये पाँच इंद्रियों को मालूम होता हैं वह सब जब प्रकृती ही हैं तो, यह कहसकते हैं कि हर मनुष्य प्रकृती के खरीब ही हैं। लेकिन किसी को यह नहीं मालूम कि प्रकृती ही खुद को शरीर दी हुयी माता हैं। एक मनुष्य बडा होने के बाद जिसतरह भौतिक माता से भी ज्यादा अहमियत पिता को देता हैं, उसीतरह मनुष्य अपने जीवित में बडे उमर आने के बाद यह मालूम न होने से कि अपना पिता परमात्मा हैं, परमात्मा को अहमियत नहीं दे रहे हैं। चाहे कितना भी उमर क्यों न आजायें यह बात मालूम नहीं करपा रहा हैं कि प्रकृति माता हैं और परमात्मा पिता हैं। इसतरह ज़मीन पर ९० फीसद प्रजायें इस हालत में हैं कि खुद को यानि जीवात्मा को यह तक नहीं मालूम कि आखिर खुद (जीवात्मा) के माता कौन हैं,पिता कौन हैं। शाश्वित, सत्य माता पिताओं के बारे में अगर मालूम करना हैं तो, उनका पूरा समाचार मनुष्य को मालूम होकर रहना चाहिये। उस समाचार का ही दैवज्ञान कहते हैं। **जिस मनुष्य को भूमि पर दैवज्ञान नहीं मालूम चाहे वह**

कोई भी हो, उसको शाश्वित माता पिता मालूम नहीं होंगें। आज के समाज में ऐसे लोग हैं जो दैवज्ञान को कम नज़र से देखते हैं। ऐसे लोग भी मौजूद हैं कि दैवज्ञानी नाम सुनते ही उसे असमर्थ के नीचे हिसाब करते हैं। ऐसी समाज में आज किसी को भी दैवज्ञान पर श्रद्धा नहीं रहा। इसीलिये कोई भी यह नहीं जानता कि असल दैवज्ञान का मतलब क्या हैं, माया का प्रभाव मतलब क्या हैं? ज़मीन पर चाहे कितने भी मत क्यों न हो, उन मतों में स्वामियाँ, बोधक, गुरुयें रहने पर भी वे मत को ही प्रधान्यता दे रहे हैं। हंडी भर के साँबार में छोटे चमचे से बगारा डाले जैसा उनके बोधाओं में नाम मात्र दैवज्ञान रहता हैं। कुछ लोग वह थोडे ज्ञान को भी समझे बगैर, मत के विधोनों को ही ज्यादा अहमियत देने की वजह से यह किसी को मालूम नही हुआ कि ईश्वर का विधान क्या है। वे लोग बहुत ही कम रहते हैं जिन्हे ईश्वर का ज्ञान मालूम हैं। वे ईश्वर को पिता मान रहे हैं। लेकिन उन्हे यह बात ज़रा भी नहीं मालूम कि प्रकृति क्या चीज़ हैं, प्रकृती से पैदाहुयी माया क्या चीज़ है, माया मनुष्य के शरीर में कहाँ हैं, कौनसे रुपमें हैं, मनुष्य के अंदर माया मनुष्य को कैसे वहम में डाल रही हैं। जो लोग यह कहते हैं कि ईश्वर पर हम विश्वास रखते हैं, ईश्वर हमारा पिता हैं, हमारे मत के सिवा दूसरे मतों में ईश्वर पर विश्वास रखनेवाले बहुत ही कम हैं कह कर समझने वाले रहने पर भी, वे सिर्फ पिता के बारे में बोल रहे हैं लेकिन उन्हे माता के बारे में नहीं मालूम है कहसकते हैं। जब तक माता के बारे में मालूम नहीं होता तबतक पिता कौन हैं यह मालूम नहीं होगा। क्योंकि पिता कौन हैं यह बात सिर्फ माता ही जानती हैं। ईश्वर कौन हैं यह बात सिर्फ वह प्रकृती को ही मालूम हैं जो माया के रुप में हैं। इसलिये प्रकृती से बनीहुयी शरीर में गुण रुपवाली माया को जान कर, फिर

यह जानना चाहिये कि शरीर में वह कौन हैं, कहाँ हैं, क्या कर रहा हैं। इतना ही नहीं शरीर में होनेवाले काम कौन कर रहा हैं, शरीर के बाहर शरीर के द्वारा होने वाले काम कौन कर रहा हैं, पूरा ज्ञान रुप से जानना चाहिये। जब पूरा शरीर का यंत्राँग मालूम होजाता हैं तब ही इस बात का पता चलेगा कि माता प्रकृती किस तरह हैं। बाद में यह जानने का मौका मिलेगा कि परमात्मा किसतरह हैं। जिसतरह प्रपंच में माता के बिना भौतिक पिता को मालूम नहीं करसकते उसीतरह **माया जब तक मालूम नहीं होती तब तक अभौतिक परमात्मा को नहीं जानसकते। जब अभौतिक माता पिताओं के बारे में मालूम कर सके तो बाद में वो भौतिक माता पिताओं को पैदा नहीं होता। फिर से शरीर को पहन कर पैदा होने की जरुरत नहीं रहेगी।** जो कोई माता को जानजायेगा वह माता के द्वारा पिता के पास पहुँच जायेगा। परलोक में रहनेवाले पिता के पास जानेकेलिये माता के द्वारा ही मुमकिन हैं। जिसने माता को ठुकराया वह पिता को नहीं देख सकता। जिसने माता पिता को जानलिया वह कहीं भी पैदा नहीं होगा। इतने से जन्मराहित्य हो रहा हैं। वही मोक्ष या मुक्ति हैं। हम यह बता रहे हैं कि सब मतों या मज़हब के लोग यही विधान से पिता ईश्वर के पास पहुँचिये। **ऊँ माता पिताय नमः**



असत्य को हज़ार लोग कहने पर भी वह सत्य नहीं होता हैं,
सत्य को हज़ार लोग इनकार करने पर भी वह असत्य नहीं होता।

माता पिता

Author :

The Only GURU of Three Religions

The Spiritual Emperor, Thraitha Theorem Originator

Sri Acharya Prabodhananda Yogeeshwarulu